# प्रेस नोट

**सराहनीय कार्य कानपुर देहात** **दिनांक- 08.08.2025**

- **थाना रूरा पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए पूर्व माध्यमिक संविलियन विद्यालय ग्राम हसनापुर से हुई चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए 02 नफर अभियुक्तगण को किया गया गिरफ्तार।**
- **अभियुक्तगण के कब्जे से 06 बण्डल दाल-दलिया व रिफाइण्ड (सोयाबीन) तेल (बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग उ0प्र0), 01 अदद पंखा (सीलिंग फैन), 01 अदद डीवीआर, 01 अदद मोटर साइकिल UP 77 W 6090 हीरो होण्डा सीईटी व ₹ 1500/- रुपये हुए बरामद।**

कृपया अवगत कराना है कि जनपद कानपुर देहात पुलिस द्वारा चोरी की घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, दिनांक 28/29/07.2025 की रात्रि में थाना रूरा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम हसनापुर में पूर्व माध्यमिक संविलियन विद्यालय हसनापुर में हुई चोरी की घटना के संबंध में थाना रूरा पर मु0अ0सं0 251/2025 धारा 331(4)/305 बीएनएस पंजीकृत किया गया था। जिसके संबंध में थाना रुरा पुलिस द्वारा थाना रूरा क्षेत्रान्तर्गत संदिग्ध व्यक्ति/वाहन की चेकिंग के दौरान दिनाँक 07.08.2025 को मुखबिर खास ने आकर सूचना दी कि ग्राम हसनापुर में पूर्व माध्यमिक संविलियन विद्यालय से चोरी किए गए सामान सहित दो संदिग्ध व्यक्ति उस समान को बेचने के लिये कहीं और जाने की फिराक में हसनापुर की तरफ से मोटरसाइकिल से आ रहे है यदि शीघ्रता की जाये तो पकड़े जा सकते हैं। उक्त सूचना पर थाना रुरा पुलिस द्वारा मुखबिर खास के बताए स्थान पर एकबारगी दबिश देकर नहर पुल के पास हसनापुर के रास्ते में करीब 500 मी0 दूरी पर 02 संदिग्ध अभियुक्तगण को चोरी के सामान 06 बण्डल दाल-दलिया व रिफाइण्ड (सोयाबीन) तेल (बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग उ0प्र0), 01 अदद पंखा (सीलिंग फैन), 01 अदद डीवीआर, 01 अदद मोटर साइकिल UP 77 W 6090 हीरो होण्डा सीईटी व ₹ 1500/- रुपये के साथ हिरासत में लिया गया। अभियुक्त गण से पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम-पता 1. संदीप पुत्र राजू उर्फ अखिलेश कश्यप 2. रोहित कुमार पुत्र छुट्टन कश्यप निवासी गण ग्राम गलुआपुर, थाना डेरापुर, जनपद कानपुर देहात बताया।

गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण के विरूद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

**गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण का नाम व पता-**

1. संदीप उम्र करीब 24 वर्ष पुत्र राजू उर्फ अखिलेश कश्यप निवासी ग्राम गलुआपुर, थाना डेरापुर, जनपद कानपुर देहात।
2. रोहित कुमार उम्र करीब 19 वर्ष पुत्र छुट्टन कश्यप निवासी ग्राम गलुआपुर, थाना डेरापुर, जनपद कानपुर देहात।

**बरामदगी का विवरण-**

06 बण्डल दाल, दलिया व रिफाइण्ड (सोयाबीन) तेल (बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग उ0प्र0) 01 अदद पंखा (सीलिंग फैन), 01 अदद डीवीआर, 01 अदद मोटर साइकिल UP 77 W 6090 हीरो होण्डा सीईटी व ₹ 1500/- रुपये बरामद।

**गिरफ्तार करने वाली टीम-**

थाना रुरा पुलिस।